कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I) ओडिशा : भुवनेश्वर
OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL (Audit-I), ODISHA: BHUBANESWAR-751001

## परिपत्र / Circular

राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय द्वारा इस वर्ष दिनांक 14 व 15 सितंबर 2023 को पूणे (महाराष्ट्र) में हिंदी दिवस तथा तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है । इस सम्मेलन के लिए एक प्रतीक चिहन(Logo) डिजाइन किया जाना है। इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी **प्रतीक चिहन (Logo) का डिजाइन दिनांक 14.07.2023 शाम 5.00 बजे** तक राजभाषा विभाग, नई दिल्ली के कार्यालय ज्ञापन फा0सं0 12016/08/2023-रा.भा.(का.2) दिनांक 31.05.2023 में दिए गए ईमेल आईडी santosh.gupta89@nic.in पर प्रेषित करें। प्रतीक चिहन(Logo) की एक प्रति इस कार्यालय के हिंदी प्रकोष्ठ में भी प्रेषित करें। यह **परिपत्र उपर्युक्त कार्यालय ज्ञापन सहित कार्यालयीन वेबसाइट पर भी उपलब्ध है** ।

Hindi Diwas and third All India Rajbhasha Sammelan on 14.09.2023 & 15.09.2023 in Pune (Maharashtra) is going to be organized by Department of Official Language, Ministry of Home Affairs . For this occasion a logo has to be designed. Interested officers/officials send the **logo** to **the Email ID mentioned in the OM** F.No.12016/08/2023-रा.भा.(का.2) dated 31.05.2023 of Department of Official Language, Ministry of Home Affairs i.e. santosh.gupta89@nic.in **latest by 14.07.2023 (5.00 pm)**. A copy of the logo may also be sent to the Hindi Cell of this office. **Circular with OM is also available on Official Website.**

हस्ता/-
वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी(हिंदी प्रको.)
Sr. Audit Officer (Hindi Cell)

सं. हिंप्र.(लेप-I)/पखवाडा/2023-24/04

दिनांक: 13/06/2023

प्रति सूचनार्थ एवं जानकारी हेतु प्रेषित -

1. सचिव प्रधान महालेखाकार, ले.प.-I, ओड़िशा, भुवनेश्वर
2. वरिष्ठ उपमहालेखाकार, ए.एम.जी -III/IV उपमहालेखाकार,प्रशासन /ए.एम.जी-V/उपमहालेखाकार, ए.एम.जी -II/ उपमहालेखाकार, ए.एम.जी -I
3. कल्याण अधिकारी
4. शाखा अधिकारी, ए.एम.जी-I/ए.एम.जी-II/ए.एम.जी-III/ए.एम.जी-IV/ए.एम.जी-V/प्रशासन/संपदा/ विधिक प्रको./रिपोर्ट पीएसी/ कार्या स्थापना/प्रशि. एवं परी./का.प्र.-I/आईटीए/रिपोर्टमुख्य/ इसीपीए/ डीए एंड आरसी- से अनुरोध है कि वे अपने नियंत्रणाधीन अधि/कर्मचारियों को उपर्युक्त परिपत्र की विषय-वस्तु से अवगत कराएं।
5. नोटिस बोर्ड/अतिरिक्त प्रति
6. स.ले.अ./डीए एंड आरसी कृपया परिपत्र को कार्यालय ज्ञापन सहित कार्यालयीन वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करने का श्रम करें।

आशुतोष

वरि. लेखापरीक्षा अधिकारी (हिंदी प्रको.)
Sr. Audit Officer (Hindi Cell)

पत्र सं. 401/रा.भा.अ./24-2022-I

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय
10, बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग,
नई दिल्ली-110 124

OFFICE OF THE COMPTROLLER & AUDITOR GENERAL OF INDIA
10, BAHADUR SHAH ZAFAR MARG,
NEW DELHI - 110 124

दिनांक / DATE 02-06-2023

सेवा में,

**भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के**
**सभी विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष**

**विषय:- हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के फा.सं. 12016/08/2023-रा.भा.(का-2) दिनांक 31.05.2023 (प्रतिलिपि संलग्न) का अवलोकन करें जिसमें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय 14-15 सितम्बर, 2023 को पुणे स्थित 'श्री शिव छत्रपति स्पोर्टस काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी' में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के लिए इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से 'प्रतीक चिह्न' (Logo| का नमूना तैयार करवा कर दिनांक 14.07.2023, सायं 5.00 बजे तक ईमेल आईडी –Santosh.gupta89@nic.in पर भिजवाने का अनुरोध किया गया है।

अत: यह पत्र विभाग के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को इच्छानुसार अपेक्षित कार्रवाई करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

यह पत्र महानिदेशक (राजभाषा) महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

अदिति
02.06.2023

वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (राजभाषा)

फा.सं.-12016/08/2023-रा.भा.(का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एन.डी.सी.सी.-II भवन, जय सिंह रोड,

नई दिल्ली-110001,

दिनांक: 31.05.2023

कार्यालय ज्ञापन

**विषय- हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन के लिए प्रतीक चिह्न (Logo) निर्माण के संबंध में।**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार 14 व 15 सितम्बर 2023 को पुणे स्थित "श्री शिव छत्रपति स्पोर्टस काम्प्लेक्स, बालेवाड़ी" में दो दिवसीय हिंदी दिवस एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन कर रहा है। इस सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी करेंगे। इस सम्मेलन में मुख्य सत्र के अलावा हिंदी से जुड़े विभिन्न विषयों पर कई समानांतर शैक्षिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

2. इस महत्वपूर्ण सम्मेलन हेतु तत्काल एक 'प्रतीक चिह्न (Logo)'डिजाइन किया जाना है जिसके लिए अल्प समय में एक प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी भागीदारी अपेक्षित है। इस 'लोगो'(Logo) के निर्माण में राजभाषा, हिंदी दिवस, आजादी के अमृत महोत्सव की महत्ता, सम्मेलन का स्थल पुणे व महाराष्ट्र राज्य की पृष्ठभूमि आदि को रखा जाना समीचीन होगा।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने-अपने संगठनों से इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से प्रतीक चिह्न (Logo) का नमूना तैयार करवा कर दिनांक 14.07.2023, सांय 05 बजे तक ईमेल आईडी -santosh.gupta89@nic.in पर भिजवाना सुनिश्चित करें।

4. चयन समिति द्वारा चुने गए सर्वश्रेष्ठ लोगो(Logo) का प्रयोग दिनांक 14-15 सितम्बर 2023 को आयाजित होने वाले राजभाषा सम्मेलन में किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रथम 3 'प्रतीक चिह्न (Logo)'को राजभाषा विभाग द्वारा पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता के दस सर्वश्रेष्ठ लोगो(Logo) प्रतिभागियों को राजभाषा विभाग की ओर से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

अनिल कुमार

(अनिल कुमार)

उप सचिव (का.)

प्रतिः-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत संगठन/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।
3. सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।